अमर उजाला 05/03/2024

काव्य प्रतियोगिता में आक्षी रही प्रथम

आक्षी को सम्मानित करते अतिथि । संस्थान

अंबाला। गांधी मेमोरियल नेशनल कॉलेज के बीए द्वितीय वर्ष की छात्रा आक्षी ने राज्य स्तरीय काव्य स्पर्धा में प्रथम स्थान जीता।

इस मौके पर हिंदी विभागाध्यक्ष डॉ. रितु गुप्ता ने बताया कि आर्य कन्या महाविद्यालय शाहबाद मारकंडा में आयोजित प्रतियोगिता में जीएमएन कॉलेज की छात्रा ने अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाते हुए प्रथम स्थान हासिल कर महाविद्यालय का नाम रोशन किया है। कॉलेज प्राचार्य डॉ. रोहित दत्त ने विजेता प्रतिभागी का कॉलेज प्रांगण में पहुंचने पर स्वागत किया। संवाद